# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# विकास योजनाओं पर गंभीरता से हो रहा है काम : मुख्यमंत्री

**शुभारंभ**

## सीएम ने किया कपकोट के कर्मी गांव में आयोजित दानपुर महोत्सव का शुभारंभ

**संवाददाता**

बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2025 तक उत्तराखंड को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए विकास योजनाओं पर गंभीरता से काम हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड आगे बढ़ रहा है।

शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिला मुख्यालय से लगभग 90 किमी दूर कपकोट के कर्मी गांव में आयोजित दानपुर महोत्सव का शुभारंभ करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि महोत्सव उत्तराखंड की संस्कृति की पहचान है। सरकार महोत्सवों के जरिए लोगों को एक मंच में लाने का काम कर रही है। देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लक्ष्य साध दिया गया है। 2025 तक प्रत्येक युवा के हाथ में रोजगार होगा। प्रधानमंत्री स्वरोजगार और



मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत राज्य में बेहतर काम हो रहा है। कोरोना के बाद घर लौटे प्रवासी अपना काम करने लगे हैं। यह बेहतर पहल है और आत्मनिर्भर बनने का मूल मंत्र भी है। उन्होंने कहा कि दानपुर महोत्सव को पहचान दिलाई जाएगी। पर्यटन के क्षेत्र में कपकोट काफी खूबसूरत है। जिसके लिए भी अलग से योजनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, संचार के क्षेत्र में कपकोट को आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे पूर्व उन्होंने मां भगवती मंदिर कर्मी में पूजा–अर्चना कर राज्य और देश की खुशहाली की कामना की। सीएम ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताकर विधानसभा भेजना है और देश की प्रगति में साथ देना है। इस दौरान सुरेश गढ़िया, विधायक बलवंत भौर्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### खुद को फौजी बताकर ठगे 1.60 लाख रुपये, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**संवाददाता** देहरादून। खुद को फौजी बताकर शातिर ने कार बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से एक लाख 60 हजार रुपये ठग लिए। इस मामले में कैंट कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कैंट कोतवाली के एसएसआइ राकेश शाह के अनुसार शिकायतकर्ता नितिन रामचंद्र निवासी गुच्चूपानी ने पुलिस को बताया कि 17 नवंबर को उन्होंने ओएलएक्स पर एक कार का विज्ञापन देखा। उन्होंने विज्ञापन में दिए नंबर पर फोन किया तो व्यक्ति ने अपनी पहचान हवलदार गोपाल कृष्ण शेखर बताई। व्यक्ति ने कार की फोटो व अपने पहचान पत्र वाट्सएप के माध्यम से उन्हें भेजे और पार्सल से कार भेजने के नाम पर एक लाख 60 हजार रुपये ले लिए। बाद में उसने और धनराशि मांगी।

### संडे मार्केट को सहस्रधारा रोड से रेंजर्स मैदान में शिफ्ट करने पर हामी

**संवाददाता** देहरादून। शहर में संडे मार्केट की जगह को लेकर पिछले कई हफ्तों से चल रही गफलत खत्म हो गई है। जिला प्रशासन ने संडे मार्केट को सहस्रधारा रोड से रेंजर्स मैदान में शिफ्ट करने पर हामी भर दी है। रविवार से रेंजर्स मैदान में साप्ताहिक बाजार लगेगा। प्रशासन ने संडे मार्केट का साप्ताहिक शुल्क पचास हजार रुपये निर्धारित किया है। नगर निगम को मैदान की साफ–सफाई करने की एवज में दस हजार रुपये प्रति माह मिलेंगे। शहर में पिछले तीन दशक से संडे मार्केट लग रहा है। पहले यह पलटन बाजार क्षेत्र में लगता था, लेकिन बाद में प्रशासन ने इसे परेड ग्राउंड के नजदीक तिब्बती मार्केट की तरफ शिफ्ट कर दिया। दो साल पूर्व ट्रैफिक व्यवस्था का हवाला देते हुए प्रशासन ने इसे सहस्रधारा रोड शिफ्ट कर दिया।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ से पेंशन समाधान विकसित किया

**संवाददाता** देहरादून। ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद उनकी नियमित आय की जरूरतों को सुरक्षित करने में सक्षम बनाने और जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ तालमेल रखने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने गारंटीड पेंशन योजना के तत्काल और स्थगित वार्षिकी विकल्पों को मिलाकर एक अभिनव सेवानिवृत्ति समाधान विकसित किया है। यह समाधान ग्राहकों को नियमित आय की गारंटी दे सकता है जो जीवन यापन की बढ़ती लागत की चुनौती का समाधान करता है। बढ़ती मुद्रास्फीति, एकल परिवारों और करियर के अवसरों की तलाश में विदेशों में प्रवास करने वाले बच्चों की बढ़ती प्रवृत्ति के साथ, बचत समाप्त होने या सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता के नुकसान का भी खतरा है।

# विभागीय कार्यों की धीमी प्रगति से डीएम नाराज

**संवाददाता** चम्पावत। डीएम विनीत तोमर ने विभागीय कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को जिला सभागार में जिला योजना, राज्य योजना, केंद्र पोषित योजनाओं तथा बीस सूत्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कतिपय विभागों की कार्य करने की गति सुस्त है। इसका नुकसान आम जनता के साथ जिले को भुगतना पड़ता है।

जिलाधिकारी ने नगर निकाय, पेयजल, लोनिवि, जल संस्थान, कृषि, दुग्ध, उद्यान विभाग, जलागम, वन विभाग, पर्यटन, शिक्षा, उद्योग विभाग समेत सभी विभागों के कार्यों तथा उनकी प्रगति की बारी–बारी से समीक्षा की। उन्होंने कार्यों में शिथिलता बरतने वाले

### अधिकारियों को दिए सुधार लाने के निर्देश

विभागों के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर कर उन्हें कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी विभाग कार्यों की प्रगति सौ प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। डीएम ने विभागों को अवमुक्त राशि दिसम्बर माह के दूसरे सप्ताह तक र्च करके को कहा। सभी कार्य चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले पूरे होने चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का टेंडर होना है उनकी टेंडर प्रक्रिया दिसम्बर के पहले सप्ताह तक पूरी कर लें। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों का निस्तारण में कोताही न बरतने के निर्देश भी दिए।



## मोबाइल नेटवर्क नहीं आने से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता** लोहाघाट। लधियाघाटी क्षेत्र के लोगों को मोबाइल सिगनल न मिलने पर आक्रोश जताते हुए शनिवार को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि संचार क्रांति के युग में ग्रामीणों के मोबाइल शो पीस बने हुए हैं। उन्होंने शीघ्र क्षेत्र की संचार सुविधा दुरूस्त न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना था कि खरही, बालातड़ी, गड्यूडा, भिंगराड़ा, चल्थिया, तलाड़ी, वैला, भाट पिनाना, महर पिनाना आदि ग्राम पंचायतों में बीएसएनएल समेत किसी भी निजी दूर संचार कंपनी के सिगनल नहीं आते। इससे लोग अपने नाते रिश्तेदारों एवं स्वजनों के साथ फोन संपर्क से कटे हुए हैं। नेट नहीं चलने से क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों में भी काम काज नहीं हो पा रहे हैं।

# दिल्ली की तर्ज पर उत्तराखंड का विकास करेगी आपः मोहनिया

**संवाददाता** लोहाघाट। आम आदमी पार्टी की विजय शंखनाद यात्रा शनिवार को लोहाघाट पहुंची। यात्रा का नेतृत्व आप के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य शिक्षा, पेयजल, बिजली, यातायात, स्वास्थ्य सुविधाओं को जन–जन तकपहुंचाना है। इस दौरान बाराकोट टैक्सी स्टेंड से विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान तक बाइक रैली निकाली।

रामलीला मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा आप पार्टी ने दिल्ली में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, बिजली, पानी आदि क्षेत्रों में विकास किया है। यही विकास पार्टी उत्तराखंड




में भी करना चाहती है। उन्होंने भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार देते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनता परिवर्तन चाहती है। आम आदमी पार्टी उसके सामने सशक्त विकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत एकजुट होकर काम करने तथा आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली में किए गए अच्छे कार्यों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। पार्टी के विधान सभा प्रभारी राजेश बिष्ट ने कहा आम आदमी पार्टी ने अभी तक जनता से जो भी वादे किए हैं उन्हें सत्ता में आते ही पूरा करेगी।

वायदों में युवाओं को रोजगार, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, उत्तराखंड को आध्यात्मिक राजधानी बनाना शामिल है। पार्टी उपाध्यक्ष बीना कनौजिया ने कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती पर पूरा ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा किपार्टी का विस्तार प्रदेश में बहुत तेजी से हो रहा है और पूरे प्रदेश में लगातार लोग आप पार्टी से लोग जुड़ते जा रहे हैं। संगठन मंत्री एडवोकेट विपिन पुनेठा ने भी विचार रखे। संचालन राहुल सती ने किया। इस दौरान जोनल प्रभारी रवि चतुर्वेदी, विक्रम कठैत, तुलसी बिष्ट, गंगा देवी आदि मौजूद रहे।

## स्थानीय लोगों से जुड़ने के लिए पब्लिक एप से जुड़ रहे हैं राजनीतिक नेतागण

**संवाददाता** देहरादून। राजनीतिक नेता और राजनीतिक दल देश के दूरदराज तक के हिस्सों में अपनी पहुंच बनाने के लिए तेजी से सोशल मीडिया से जुड़ रहे हैं विभिन्न क्षेत्रों के नेता अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते इन दिनों पब्लिक एप से जुड़ना पसंद कर रहे हैं। अप्रैल 2019 में लॉन्च इस प्लेटफॉर्म पर अपने वेरिफाइड अकाउंट्स बनाने के लिए सक्रिय हैं। राज्य के प्रमुख राजनीतिज्ञ जैसे बिशन सिंह शुफल, हरीश रावत, मयंक शर्मा, सूर्यकांत धस्माना, त्रिवेंद्र सिंह रावत और आप तथा भाजपा सरीखे कई संगठन नियमित रूप से इस मंच के जरिए नागरिकों तक पहुंच रहे हैं। अब तक हजारों फौलोअर्स को आकर्षित कर चुके हैं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के साथ इस मंच पर करीब 150000 फौलोअर्स जुड़े हैं। एप के सीईओ और फाउंडर अजहर इकबाल ने कहा सोशल मीडिया महानगरों और देश के अन्य दूरदराज के इलाकों में एक प्रभावी टूल और इनेबलर के तौर पर उभर रहा।